## एक नजर में



### महाराष्ट्र सनातन संघ के प्रमुख सक्सेना का ग्वालियर बैठक में पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**ग्वालियर 13 अगस्त.** अखिल विश्व सत्य सनातन संघ महाराष्ट्र प्रमुख पवन सक्सेना का ग्वालियर बैठक में शामिल होने पर संघ ग्वालियर के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश भर में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा कर हरेक घर परिवार को सनातन से जोड़ने पर बल दिया गया। शीघ्र सुधारात्मक एजेंडा तय कर जिला तहसील स्तर तक टीमें तैयार कर माहवार गतिविधियां किए जाने हेतु योजना तैयार की जाएगी। भारत अति शीघ्र विश्व गुरु बन सके इस दिशा में सकारात्मक पहल की जायगी। अखिलविश्व सनातन संघ महाराष्ट्र प्रांत प्रमुख पवन सक्सेना का ग्वालियर पधारने पर माल्यार्पण कर स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर गोस्वामी प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सिंह परमार धनीराम कुशवाह प्रियदर्शी शर्मा ओपी अजमेरिया सीताराम जर्सेनिया जगमोहन गुप्ता रामबाबू सिंह राणा इत्यादि समेत काफी संख्या में सनातन बंधु उपस्थित रहे। सादर प्रकाशन हेतु। बलबीर सिंह परमार प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल विश्व सत्य सनातन संघ भोपाल मप्र.

### कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी आज आएंगे



**ग्वालियर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 14 अगस्त को ग्वालियर प्रवास पर आएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि श्री पटवारी प्रात: 5 .40 पर भोपाल से चलकर ग्वालियर आएंगे। रेलवे स्टेशन पर कांग्रेसजनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष की अगवानी की जाएगी, तदपश्चात प्रदेश अध्यक्ष पटवारी राज्यसभा सांसद अशोक सिंह के निवास पर माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुचेंगे, जहां से दोपहर 2 बजे कांग्रेस की वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे, उसके बाद शाम 5 :42 पर वंदे भारत ट्रेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नशामुक्ति के लिये हुये कार्यक्रम

**ग्वालियर।** आमखो स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में प्रभारी डॉ. बी. एस. सिसोदिया के निर्देशन में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। प्रात: ओपीडी में उपस्थित रोगियों को डॉ. दारा सिंह रोतवार एवं डॉ. अमित कुमार ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और विषय पर जागरूकता व्याख्यान दिया। अपरान्ह में सभागार में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली। इसके उपरांत हिन्दी एवं अंग्रेजी स्लोगन प्रतियोगिता हुई, जिसका मूल्यांकन निर्णायक मंडल डॉ. अनिल मंगल व श्रीमती सपना अविनाश कोंडलकर ने किया। प्रतियोगिता में डॉ. जीवन के. (प्रथम), डॉ. दारा सिंह रोतवार (द्वितीय) और लवकुश शर्मा (तृतीय) स्थान पर रहे। विजेताओं को संस्थान प्रभारी ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर अभियान में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन पर समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मेडिकल कॉलेज में 3 फर्जी डॉक्टर मामले में एसटीएफ ने कसा शिकंजा

**ग्वालियर .** फर्जी जाति प्रमाणपत्र पर सरकारी नौकरी करने वालो के ख़िलाफ़ एसटीएफ में हुई शिकायत के बाद ग्वालियर एसटीएफ मामले की गहन जांच में जुटी है। बीते 27 जून को एसटीएफ ने मामला दर्ज करने के बाद है ग्वालियर के 3 डॉक्टर के नाम सामने आए, जो ग्वालियर के गजराराजा मेडिकल कॉलेज के जयारोग्य अस्पताल समूह में पदस्थ हैं. इनके साथ ही एसटीएफ ने ग्वालियर के एक एग्जिक्यूटिव इंजीनियर को भी अनुसूचित जाति के फ़र्ज़ी प्रमाणपत्र पर नौकरी करते पाया है। इस मामले मे एसटीएफ ने मेडिकल कॉलेज से जानकारी मांगी हैं। जीआरएमसी डीन डॉ. आरकेएस धाकड़ कहना है उन्हें इतना पता है कि कुछ दिन पहले एसटीएफ के लोग आए थे, जिसमे कुछ लोगों की कोई पुरानी जांच के संबंध में दस्तावेज मांगे थे, जो उन्हें उपलब्ध कराये गए थे. इसके बाद पता चला कि इसमें हमारे यहां भी कुछ कर्मचारी हैं. हालांकि ये स्पष्ट है जांच में अगर हमारे यहां के जो भी कर्मचारी दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई होगी. ग्वालियर एसटीएफ जांच अधिकारी भूपेंद्र गुर्जर ने बताया गोपनीय शिकायत मिलने के बाद एसटीएफ द्वारा दस्तावेजों की जांच और सत्यापन कराया गया. पता चला है कि जाति प्रमाणपत्र संबंधित कार्यालय से जारी नहीं किए गए. इनके आधार पर ही लोगों ने अलग-अलग विभागों में नौकरियां हासिल की थी, उसी आधार पर मामला दर्ज किया गया। इनमें 6 नाम ग्वालियर के भी हैं. फ़र्ज़ी जाति प्रमाण पत्र किसी संगठित गैंग द्वारा तैयार कराये गए हैं, उनको भी टारगेट पर लिया गया है .फर्जी प्रमाण-पत्र से नौकरी पाने वालों की कुंडली तैयार कर ली है. एसटीएफ का कहना है कि इनकी संख्या बढ़ सकती है।

### यातायात को सुगम बनाने कराई पेंच रिपेयरिंग



**ग्वालियर 13 अगस्त.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर बरसात में खराब हुई सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज विवेक नगर मेला ग्रांउड के पीछे, एसएएफ रोड गुडा बत्ती जाने वाली रोड, नाका चन्द्रबदनी कलारी मोड पर, मोती तबेला , मोती तबेला नदी गेट से सिंधिया स्टॅच्यू जानी वाली रोड पर, सरस्वती नगर सहित अनेक सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग कराकर यातायात को सुगम बनाया।

### पेंशनर्स मनाएंगे 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस, पेंशनर्स से उपस्थित रहने की अपील

**ग्वालियर 13 अगस्त.** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश ने आर .एस. तरेटिया प्रांताध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों एवं आम पेंशनर को सूचित किया हे कि 15 अगस्त को राष्ट्रीय त्योहार 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस कार्यालय परसराम छात्रावास पुराना लेवर कोर्ट फूलबाग ग्वालियर पर प्रात: 9 .30 बजे बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य हे । अन्य सहयोगी संगठनों के साथी एवं आम पेंशनर भाई भी इस राष्ट्रीय पर्व पर आमंत्रित हैं , सभी से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की हे ।

### जापानी ईवी निर्माता टेरा मोटर्स ने एमपी में की एंट्री

ग्वालियर 13 अगस्त. जापान की इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनी टेरा मोटर्स ने मध्य प्रदेश में अपने पहले एल5 हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक ऑटो की डीलरशिप के साथ प्रवेश किया है। यह कदम कंपनी की रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह राज्य में बढ़ती ईवी स्वीकार्यता का लाभ उठाकर भारत के टॉप 5 थ्री-व्हीलर बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। टेरा मोटर्स पिछले एक दशक से भारत के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-रिक्शा क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी को मध्य प्रदेश में अच्छे व्यापारिक अवसर दिख रहे हैं, खासकर मजबूत डीलर इंटरेस्ट और प्रतिस्पर्धी प्रोडक्ट ऑफरिंग्स के कारण। हाल ही के महीनों में, कई प्रमुख ईवी डीलर्स ने अन्य ओईएम कंपनियों को छोड़कर टेरा मोटर्स से जुड़ने का निर्णय लिया है।

# जनता की तो कोई सुनता नहीं, मंत्री ने बोला है तो शायद अब परेशानी खत्म हो जाए...

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 13 अगस्त.** शहर में 11 तारीख को मुख्यमंत्री की तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम था, इसी दिन मुख्यमंत्री शहर में अलग-अलग स्थानों पर कई नेताओं के निवास पर भी पहुंचे, जिस कारण शहर की कई सड़कों पर जाम की स्थिति

**वीआईपी मूवमेंट के दौरान लगते जाम पर लोगों ने दी तीखी प्रतिक्रिया**

रही। शहर की हर प्रमुख सड़क पर हालात ऐसे हो गए कि स्वयं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जाम में फंस गए और मुख्यमंत्री के साथ हवाई जहाज से भोपाल नहीं जा पाए और उन्हें मजबूरन ट्रेन से यात्रा करनी पड़ी, जिसके बाद मंत्री ने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की। वही एक दूसरे कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने भी जाम में फंसने के कारण पहली बार कार्यक्रम में लेट पहुंचने की बात कही। इन दो घटनाओ की खबरें मीडिया में जमकर प्रकाशित हुई जिस पर ग्वालियर के लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आज जब माननीय स्वयं जाम में फंस गए तब जनता की याद आ रही है जबकि ऐसी स्थिति तो विगत कई सालों से लगातार शहर में बंनती रही है। शहर के लोगों का कहना है कि शहर में जब भी कोई वीआईपी व्यक्ति आता है तो ग्वालियर पुलिस प्रशासन इसी तरह से शहर की सड़कों पर बैरिकेट्स लगाकर आम जनता को रोक देती है। कई बार आम जनता के साथ पुलिस के कर्मचारियों की बहस भी हुई लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। लोगों का कहना है कि अब जब माननीय स्वयं जाम में फंसे हैं तो शायद उन्हें जनता की तकलीफ याद आ गई।

लोंगों का यह भी कहना था कि जनता की तो कोई सुनता नहीं लेकिन अब मंत्री ने स्वयं बोला है तो शायद अब पुलिस प्रशासन ऐसा विकल्प तैयार करें जिससे शहर के लोगों को वीआईपी मूवमेंट के दौरान परेशानी न झालनी पड़े।

### वीआईपी मूवमेंट ही नही शहर में यह कारण भी हैं जाम के

1. सड़कों पर वाहनों की अधिकता 2. वीआईपी मूवमेंट के दौरान सड़कों पर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे जाम लगने की संभावना बढ़ जाती है। 2. पार्किंग की समस्या- पार्किंग की कमी के कारण वाहन सड़कों पर खड़े हो जाते हैं, जिससे जाम लगता है। 3. अस्थायी दुकानें और स्टॉल*- सड़कों पर अस्थायी दुकानें और स्टॉल लगाने से भी जाम की समस्या बढ़ जाती है।

### वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम के साइड इफेक्ट

लोगों को परेशानी- जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देर हो सकती है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। 2. आर्थिक नुकसान- जाम के कारण व्यवसायों को भी आर्थिक नुकसान हो सकता है, खासकर उन व्यवसायों को जो समय पर डिलीवरी पर निर्भर करते हैं।

### शहरवासियों की परेशानी, उन्हीं की जुबानी



वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम लगना एक आम समस्या है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। तिरंगा यात्रा ही क्यों इससे पहले भी शहर में जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आए थे या और भी कार्यक्रम हुए तब भी शहर की सड़कों पर ऐसे ही जाम लगा था लेकिन लोगों की परेशानी पुलिस प्रशासन को दिखती कहां है।

**योगिता सारस्वत, डीडी नगर**




कोई भी नेता जब पद ग्रहण करता है तो स्टेशन से शहर की सड़कों पर बाजारों में जगह-जगह उसका कार्यकर्ता स्वागत करते हैं तब भारी भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है और इन सब में परेशान होती है आम जनता। जनता के हित में काम करने की बात करने वाली इन राजनीतिक पार्टियों को भी जनता की परेशानियों के बारे में समझना चाहिए।

**दीपक शर्मा,लश्कर**



शहर में कोई जुलूस निकाले,कोई रथ यात्रा निकाले या कोई पार्टी धरना प्रदर्शन करें, आम जनता तो परेशान होती ही है वीआईपी मूवमेंट ने तो यह समस्या और बढ़ जाती हैं। किसी को काम पर जाना हो या किसी को अस्पताल जाना हो प्रशासन को किसी की चिंता नहीं रहती। लोकतंत्र में यह रवैया ठीक नहीं है।

**मुकेश शर्मा, किला गेट रोड,ग्वा.**



वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम लगना एक आम समस्या है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रशासन और यातायात पुलिस वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाएं।

**मातादीन घुरैया,नरेश्वर**

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का संबंधित अधिकारी रखें पूरा ध्यान : निगमायुक्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 अगस्त.** शहर में चल रहे शासकीय निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखें। यह सभी वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी है अन्यथा सभी जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने समय सीमा बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

निगम मुख्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित समय सीमा बैठक में अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, सुनील चौहान, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, सिटी प्लानर अजय पाल सिंह जादौन, कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता, सुशील कटारे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा यह भी कहा कि 20 तारीख से पहले शत प्रतिशत शिकायतों का निराकरण करें।

बैठक में निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बीएलसी घटक के हितग्राहियों के दस्तावेजों की जांच का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। जिससे उन्हें शीघ्र लाभ दिलाया जा सके। साथ ही ई समग्र केवायसी की समीक्षा करते हुए धीमी गति से कार्य करने पर वार्ड 61 के क्षेत्राधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तेज गति से कार्य पूर्ण करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। बैठक में पौधा रोपण अभियान की जानकारी ली तथा कम पौधारोपण को लेकर नाराजगी व्यक्त की.

### 15 अगस्त को खुले रहेंगे चिड़ियाघर, वेस्ट टू वंडर पार्क, मछली घर एवं वोट क्लब

**ग्वालियर 13 अगस्त.** नगर निगम के पर्यटन स्थल चिडियाघर, वेस्ट टू वंडर पार्क, मछली घर एवं वोट क्लब शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश होने के बाद भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खुले रहेंगे। नोडल अधिकारी गौरव परिहार ने कहा कि सैलानी पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर आनंद ले सकते हैं।

### मुरार सदर बाजार से हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**ग्वालियर 13 अगस्त.** मदाखलत अधिकारी केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुये बताया की नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में निगम अमले द्वारा लगातार स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है। जिसके तहत पूर्व विधानसभा अंतर्गत बारादरी चौराहा से मुरार सदर बाजार, अग्रसेन चौराहा एवं मुरार सब्जी मंडी पर यातायात अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं फुटपाथियों को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही उक्त स्थलों पर दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया जाकर एवं चार पहिया वाहनों हटाया जाकर चालानी कार्यवाही करते हुए यातायात सुगम कराया गया।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में चुनौतियां, सुधार की है जरुरत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 अगस्त.** एमिटी यूनिवर्सिटी मध्यप्रदेश, ग्वालियर के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान द्वारा 'इंटेलिफ्यूज़न 2K25 एआई-एमएल सिनर्जीज़ इन कम्प्यूटिंग एंड इंजीनियरिंग'

**एमिटी विवि में 'इंटेलिफ्यूज़न 2क25' अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित**

विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ जी.एस. तोमर चेयरमैन, IEEE- एम पी सैक्शन, प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी के शर्मा, एवीएसएम



एवं कुलगुरू प्रो डॉ आर एस तोमर ने किया। तत्पश्चात इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान के प्रमुख प्रो. (डॉ.) विकास ठाडा ने सम्मेलन का परिचय दिया।

उद्घाटन संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) आर. एस. तोमर ने दिया और कहा कि 21 वीं सदी में एआई और मशीन लर्निंग शिक्षा, स्वास्थ्य, जैव प्रोद्योगिकी, पत्रकारिता से लेकर मनोरंजन सेक्टर तक हर क्षेत्र में अपनी पहुंच बना रहा है। ऐसे आयोजन सभी संकायों के लिए लाभकारी, और ज्ञानवर्धक हैं। प्रो-चांसलर ले. जनरल वी. के. शर्मा (एवीएसएम) सेवानिवृत्त ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों का विस्तार से वर्णन किया और कहा कि अभी एआई के क्षेत्र में बहुत सुधार की संभावना है। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) जी. एस. तोमर, चेयरमैन - IEEE मध्यप्रदेश सेक्शन ने अपने विचार साझा किए। तत्पश्चात स्मारिका का विमोचन एवं AUMP के IEEE छात्र शाखा का उद्घाटन भी इसी अवसर पर हुआ।

अतिथि वक्तव्य ताइवान के नेशनल काओह्सुंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रो. (डॉ.) चिन-शियुह शीह ने दिया।

दोपहर बाद समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित हुए, जिनमें इंटेलिजेंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड स्मार्ट सिस्टम्स, ह्यूमन-एआई कोलैबोरेशन एंड इंटेलिजेंट डिजाइन, साइबर-फिजिकल इंटेलिजेंस एवं एम्बेडेड सिस्टम्स तथा ट्रस्टवर्दी एआई और साइबर सुरक्षा विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

अंतिम सत्र में मलेशिया की यूनिवर्सिटी पुत्रा मलेशिया के डॉ. नूर इज़्ज़री बिन अब्दुल वहाब ने दूसरा मुख्य वक्तव्य दिया। कॉन्फ्रेंस की रिपोर्ट आयोजन सचिव प्रो. (डॉ.) हेमंत कुमार सोनी ने प्रस्तुत की। समापन संबोधन प्रो. (डॉ.) एम. पी. कौशिक, प्रो-वाईस चांसलर ने दिया तथा धन्यवाद ज्ञापन सह-संयोजक डॉ. झंकार मूलचंदानी ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ राजेश जैन एवं सभी संकाय प्रमुख और विभागाध्यक्ष, बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्रतिभागी भी उपस्थित रहे।

# आईटीएम के छात्र प्रवास ने किसानों की मदद के लिए बनाया 'स्मार्ट बिजूका'

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 13 अगस्त.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीटेक (एआईएमएल) द्वितीय वर्ष के छात्र प्रवास सिंह का 'स्मार्ट बिजूका' एग्री हैकाथॉन-2025 (नेशनल लेवल इनोवेशन चैलेंज) में चर्चा का विषय बना रहा। क्योंकि यह इनोवशन न सिर्फ किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से सुरक्षित रखेगा, बल्कि खेतों पर हो रही हर मूवमेंट की जानकारी भी असानी से घर पर बैठे किसानों को उपलब्ध कराने में मदद करेगा।

छात्र प्रवास सिंह ने बताया कि मैं किसान परिवार से हूं। मेरे दादा केशव सिंह राजावत दिनरात खेतों पर काम कर फसलें उगाते हैं, लेकिन इसके बाद भी जंगली जानवर और पक्षी फसलों को उजाड़ कर रख देते हैं। अप्रैल में मैंने आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस में






पदस्थ प्रोफेसर डॉ. संजय जैन सर को अपनी यह परेशानी बताई। इस पर उन्होंने मुझसे पूछा कि तो आप क्या करता चाहते हो, तो मैंने भी ऐसे ही बोल दिया कि ऐसा बिजूका बन जाये जो जानवर आते ही इंसानों की तरह हाथ-पैर चलाने लगे। बस यही चीज उन्होंने मुझे समझाई। इसके बाद मैंने प्रोफेसर डॉ. संजय जैन सर के मार्गदर्शन में स्मार्ट बिजूका तैयार करने के प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया और 45 दिन में इसे तैयार कर दिया। छात्र प्रवास ने बताया कि यह स्मार्ट बिजूका आठ हजार रूपये में तैयार किया है। इसकी लागत कम करने पर काम कर रहा हूं, जिससे किसान इसे आसानी से खरीद सकें। छात्र प्रवास सिंह द्वारा तैयार किए 'स्मार्ट बिजूका' खेत में हलचल होते ही सक्रिय हो जायेगा। इस स्मार्ट बिजूका में सोलर पैनल से चार्ज होने वाली 12 वाट की बैटरी लगाई हैं। प्रवास का कहना है कि बैटरी तीन दिन तक बेकअप दे सकती है। जिससे अगर धूप नहीं निकली तो बिजूका तीन दिन तक काम करता रहेगा।

### किसानों की आवाज में जानवरों को खेत से भगाने का काम करेगा स्मार्ट बिजूका

छात्र प्रवास सिंह द्वारा तैयार किए 'स्मार्ट बिजूका' में कई स्मार्ट फीचर्स जोड़े गए हैं। जिसमें मोशन डिटेक्शन सेंसर, घूमने वाले हिस्से, सोलर पॉवर सिस्टम, अलर्ट नोटिफिकेशन शामिल हैं। खेत में अगर कोई पक्षी या जानवर आता है तो सेंसर की मदद से यह बिजूका सक्रिय हो जाता है और 180 डिग्री एंगल से इसके हाथ हिलने लगते हैं। दूर से देखने पर यह किसी इंसानों की तरह ही पशुओं को भगाते हुए नजर आएगा। इसके साथ ही स्पीकर सिस्टम में किसी भी किसान की रिकार्ड की गई आवाज भी सुनाई देगी। नाइट विजन कैमरे के माध्यम से इसे मोबाइल एप पर भी घर पर खेतों की हलचल देखी जा सकेगी। छात्र प्रवास ने बताया कि स्मार्ट बिजूका को पूरी तरह से किसानों के हित में काम करने के लिए खुद का एप भी तैयार कर रहा हूं।

### छात्र की प्रतिभा व मेहनत का सम्मान है : प्रोफेसर डॉ. संजय जैन

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफकंप्यूटर साइंस में पदस्थ प्रोफेसर डॉ. संजय जैन कहा कि यह नवाचार इस बात का प्रमाण है कि कैसे आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, आईओटी और नवीकरणीय ऊर्जा मिलकर कृषि में क्रांति ला सकते हैं। स्मार्ट बिजूका को पेटेंट कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यह उपलब्धि न केवल आईटीएम यूनिवर्सिटी के छात्र प्रवास सिंह की प्रतिभा और मेहनत का सम्मान है, बल्कि संस्थान की तकनीकी नवाचार के माध्यम से सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की चांसलर श्रीमती रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय सहित आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर प्रबंधन ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### ओआईसी ने देश के प्रथम गो-ग्रीन राज्य वैक्सीन स्टोर का किया शुभारम्भ

**ग्वालियर 13 अगस्त.** राज्य स्तरीय डिप्टी डायरेक्टर कोल्ड चैन इजी. विपिन श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय संचालक स्वा. सेवायें ग्वालियर संभाग डा. नीलम सक्सैना द्वारा देश के प्रथम गो-ग्रीन राज्य वैक्सीन स्टोर का शुभारम्भ किया गया एवं अधिकारियों द्वारा राज्य वैक्सीन स्टोर में पौघारोपन भी सम्पन्न कराया गया। स्टेट हैल्थ इन्स्ट्रीट्यूट में राज्य स्तरीय संभाग ग्वालियर, सागर एव भोपाल के कोल्ड चैन टैक्नीशियन एवं वैक्सीन स्टोर कीपरों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य स्तरीय डिप्टी डायरेक्टर कोल्ड चैन इजी. विपिन श्रीवास्तव, क्षेत्रीय संचालक स्वा. सेवायें ग्वालियर संभाग डा. नीलम सक्सैना, डायरेक्टर डॉ. पवन जैन, सयुक्त संचालक डॉ. भूरेसिंह सैत्या, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एच.एस. रावत, डॉ .मनीष शर्मा, उपस्थित थे।

### बिजौली से गायब हुई नाबालिग बालिका सिटी सेंटर में मिली

**ग्वालियर.** घर से गायब हुई अपहृत नाबालिग बालिका को थाना बिजौली पुलिस ने सिटी सेंटर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। ज्ञात हो कि फरियादी रामसिंह(परिवर्तित नाम) निवासी मायापुर जिला शिवपुरी हाल बिजौली ने थाना पर रिपोर्ट कराई कि 11 जून को करीबन सुबह 10 बजे मेरी लड़की संजना(परिवर्तित नाम) उम्र लगभग 17 साल की कछवारी पर गाय को भगाने गई थी जो वापस नही आई, मैने अपनी लड़की की आसपास तलाश की कोई पता नही चला। मेरी लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है।





